भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
केन्द्रीय जल आयोग

**डॉ. आर.के.गुप्ता**
अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग

आर.के.पुरम, नई दिल्ली-66
दिनांक: 13 सितंबर, 2022

# अपील

**प्रिय साथियों,**

**"हिन्दी दिवस" के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।**

हिंदी देश की सर्वाधिक लोकप्रिय एवं सर्वव्यापक भाषा है। विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी का प्रमुख स्थान है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनभाषा हिंदी की अग्रणी भूमिका को देखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया है। आम आदमी की भाषा के रूप में हिंदी देश की एकता का सूत्र है। राजभाषा हिंदी अन्य सभी भारतीय भाषाओं के उपयोगी और प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही मायनों में भारत की संपर्क भाषा होने की भूमिका निभा रही है।

राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार में हमें अपने श्रेष्ठतम योगदान देने हेतु प्रतिबद्ध होना चाहिए। हिन्दी दिवस के इस शुभ अवसर पर मैं केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) कार्यालय एवं सभी क्षेत्रीय/अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत आप सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से यह अपील करूंगा कि हम अपने सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करें ताकि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को अवश्य पूरा किया जा सके। हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर राजभाषा हिंदी के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रतिबद्धता के साथ हिंदी पखवाड़ा को सफल बनाएं एवं पूरे वर्ष के दौरान इस उत्साह को बनाए रखें। आयोग के अधिकारियों से विशेष अपील करना चाहूँगा कि वे स्वयं तथा अपने अनुभागों/निदेशालयों में भी नियमित रूप से हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने की प्रणाली विकसित करें।

कार्यालय में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा हिंदी भाषा के प्रति सकारात्मक वातावरण के निर्माण के उद्देश्य से आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान केंद्रीय जल आयोग के हिन्दी अनुभाग द्वारा हिंदी में तकनीकी आशुभाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता का भी सफल आयोजन किया गया। वर्तमान समय में, आयोग में ई-ऑफिस तथा ई-मेल के माध्यम से किए जाने वाले कार्य एवं पत्राचार को हिन्दी में करने की प्रयासों में वृद्धि हो रही है, जोकि अत्यंत ही प्रशंसनीय है। सूचना एवं प्रोद्यौगिकी के युग में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं राजभाषा के सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु तकनीकी सुविधाओं का उपयोग किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर हम सब मिल कर यह शपथ लें कि सामान्य बोलचाल में तथा सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करेंगे तथा राजभाषा हिंदी का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

राजेन्द्र गुप्ता

**(डॉ. आर.के. गुप्ता)**
अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग